an>

Title: Need to start work on Salgaon Drinking Water Project in Mount Abu, Rajasthan to address the drinking water problem of the city.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर) ः पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू की अहम पेयजल समस्या के एकमात्र निदान के लिए सालगांव परियोजना तीन दशक पूर्व प्रारंभ की गई थी। यहां एयरफोर्स, आर्मी, सी.आर.पी.एफ. हॉस्टल में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के अतिरिक्त प्रतिवर्ष 22 लाख से अधिक देश और विदेश से पर्यटक भी आते हैं। प्रतिवर्ष जिनमें लगभग दो लाख की संख्या की वृद्धि का अनुमान है। वर्तमान समय में शहर की जलापूर्ति के लिए पी.एच.ई.डी. के पास अपर कोदरा बांध व लोअर कोदरा बांध ही उपलब्ध हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 41 एम.सी.एफ.टी. जल भंडारण क्षमता उपलब्ध है। जबकि वर्तमान में शहर की जलापूर्ति की आवश्यकता कम से कम 112 एम.सी.एफ.टी. की है। बारिश कम होने से जल संकट गहरा जाता है। माउंट आबू में भूमिगत पानी का भयंकर अभाव है, जिससे कुएं व हैण्डपम्प आदि में भी पानी की उपलब्धता नहीं के बराबर रह जाती है, जिससे पेयजल संकट और गहरा जाता है। ऐसी स्थिति में माउंट आबू को खाली करने जैसी भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में पेयजल हेतु शीघ्र ही सालगांव परियोजना पर शीघ्र कार्य किया जाये।